# रहस्य संदेश

RNI.NO.UPHIN2007/2

56 एटा से प्रकाशित गुरूवार 22 दिसंबर 2022 पृष्ठ : 8 मूल्य : 50 पैसा मात्र


# सीएसए द्वारा गोद लिए गए प्राथमिक स्कूल के छात्र-छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



(अनवर अशरफ )

कानपुर चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा अंगीकृत नवीन प्राथमिक विद्यालय रावतपुर कानपुर में कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर द्वारा छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु जवाहरलाल नेहरू होम्योपैथिक महाविद्यालय कानपुर से समन्वय स्थापित कर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कुल 36 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ।ज्यादातर बच्चों के नाखून,दांत गंदे पाए गए। कुछ बच्चों ने गले व पेट में दर्द की शिकायत बताई। चिकित्सकों ने बच्चों के नाखून, जिव्हा, बाल एवं त्वचा देखकर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया सभी बच्चों की लंबाई व वजन भी अभीलिखित किये किए गए सभी बच्चों को उनकी समस्या के लिए जवाहरलाल नेहरू होम्योपैथी महाविद्यालय द्वारा मुफ्त दवाएं भी वितरित की गई। जिन बच्चों में कुछ ज्यादा समस्या महसूस की गई।चिकित्सकों ने उनको सपरिवार अस्पताल आकर उचित इलाज लेने की भी सलाह दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि महाविद्यालय चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता डॉक्टर धर्मराज सिंह थे। कृषि अधिष्ठाता ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा की अगर बच्चा स्वस्थ है तो वह कक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर पाएगा और जीवन में आगे बढ़ पाएगा अतः सभी बच्चों को अपने स्वास्थ्य का ख्याल रखना चाहिए और स्वास्थ्यवर्धक चीजों का सेवन करना चाहिए। होम्योपैथिक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ हर्षवर्धन भदोरिया ने कहा सभी बच्चों को व्यक्तिगत सफाई का खास ख्याल रखना चाहिए। प्रतिदिन दो बार दांतों को साफ करें और हर सप्ताह नाखूनों को काटें। कार्यक्रम में होम्योपैथिक कॉलेज के चिकित्सकों की टीम डॉ एसएस राणा, रीडर, डॉ प्रियंका भट्ट, लेक्चरर, डॉक्टर शालिनी सिंह, जूनियर रेजिडेंट, डॉ चंद्र शेखर पटेल जूनियर रेजिडेंट व फरमैसिस्ट् श्री सत्येंद्र कुमार के अतिरिक्त समन्वयक अजय कुमार सिंह, डॉ शशिकांत पशुपालन वैज्ञानिक, डॉक्टर निमिषा अवस्थी गृह वैज्ञानिक व प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गोपाल मिश्रा उपस्थित रहे। अंत में होम्योपैथिक कॉलेज की तरफ से बच्चों को केक वितरित किए गए।

उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश का प्रथम द्विभाषीय (हिन्दी-अंग्रेजी) सांध्य दैनिक समाचार पत्र

जनमत टुडे

वर्षः13 | अंकः299 | देहरादून, बुधवार, 21 दिसंबर, 2022 | पृष्ठः08

# कुलपति ने सीएसए के 24वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की जानी प्रगति

**दीपक गौड़** (जनमत टुडे)

**कानपुरः** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ डीआर सिंह ने विश्वविद्यालय के 24 वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की बैठक में कुलपति ने तैयारियों के संबंध में सभी समितियों से कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

ज्ञातव्य हो कि दीक्षांत समारोह को लेकर सोलह समितियां बनाई गई हैं जिसमें समन्वय समिति के अध्यक्ष कुलपति हैं साज सज्जा, मीडिया एवं अनुशासन समिति के अध्यक्ष अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर धर्मराज सिंह, गार्ड ऑफ ऑनर,आवास समिति एवं पुरस्कार समिति के अध्यक्ष अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुनीश कुमार, सीटिंग प्लान एवं साज–सज्जा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर नौशाद खान, सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सुरक्षा अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह, परिवहन समिति के अध्यक्ष मानवेंद्र सिंह, आमंत्रण समिति के अध्यक्ष डॉक्टर पी के उपाध्याय कुलसचिव, जलपान एवं भोजन समिती डॉक्टर महक सिंह,राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान समिति की अध्यक्ष डॉ मिथिलेश वर्मा हैं इन सभी समितियों में संयोजक एवं सदस्य के रूप में शिक्षकों को भी जिम्मेदारी दी गई है।

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

जैसे चीन देश में घुसा, वैसे हम कर्नाटक... 12

फर्जी एनकाउंटर: पांच पुलिसकर्मियों को आजीवन... 10



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्ष: 14 | अंक: 72
मूल्य: ₹3.00/-
पेज : 12

@janexpressnews janexpresslive janexpresslive www.janexpresslive.com/epaper

गुरुवार | 22 दिसंबर, 2022

## सीएसए ने कराया 36 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण




**जन एक्सप्रेस, कानपुर नगर।** चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दलीप नगर द्वारा बुधवार को अंगीकृत नवीन प्राथमिक विद्यालय रावतपुर कानपुर मे छात्र–छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 36 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। जवाहरलाल नेहरू होम्योपैथी महाविद्यालय द्वारा मुफ्त दवाएं वितरित की गई। मुख्य अतिथि सीएसए के अधिष्ठाता डॉ. धर्मराज सिंह ने कहा कि अगर बच्चा स्वस्थ है तो वह कक्षा में अच्छा प्रदर्शन कर पाएगा। होम्योपैथिक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. हर्षवर्धन भदौरिया ने बच्चों को व्यक्तिगत सफाई का खास ख्याल रखने की सलाह दी। होम्योपैथिक कॉलेज के चिकित्सकों की टीम डॉ.एस.एस. राणा, डॉ. प्रियंका भट्ट, डॉ. शालिनी सिंह रहे।

राष्ट्रीय सहारा
कानपुर • बृहस्पतिवार • 22 दिसम्बर • 2022

# लपति ने की सीएसए के क्षांत समारोह की समीक्षा

ुर (एसएनबी)। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं ोकी विश्वविद्यालय, कानपुर में होने वाले 24वें समारोह की तैयारियों की समीक्षा के लिये ति डॉ.डीआर सिंह ने बैठक की। बैठक में दीक्षांत ह की तैयारियों की समीक्षा करने के साथ ही विश्वविद्यालय के प्रमुख लोगों को विभिन्न ा सौंपे।

ल्लेखनीय है कि दीक्षांत समारोह को लेकर 16 यां बनायी गयी हैं। इनमें समन्वय समिति के ा कुलपति स्वयं हैं। इनके अलावा साज सज्जा, ा व अनुशासन समिति के अध्यक्ष कृषि संकाय ठाता डॉ.धर्मराज सिंह को बनाया गया है। गार्ड ऑनर, आवास समिति के अध्यक्ष छात्र कल्याण ठाता डॉ.मुनीश कुमार, सिटिंग प्लान व साज समिति के अध्यक्ष डॉ.नौशाद खान, सुरक्षा समिति ध्यक्ष डॉ.वीरेन्द्र कुमार, परिवहन समिति के ा कुलसचिव डॉ.पीके उपाध्याय, जलपान एवं समिति के अध्यक्ष डॉ.महक सिंह, राष्ट्रगीत एवं न समिति की अध्यक्ष डॉ.मिथलेश वर्मा को गया है। कुलपति ने सभी गठित समितियों के ों के साथ बैठक में उनके द्वारा किये जा रहे की प्रगति जानी और समीक्षा करते हुए उन्हें जरूरी दिये। कुलपति ने सभी कार्य समयबद्ध तरीके से ाने के निर्देश भी दिये। विश्वविद्यालय के मीडिया डॉ.खलील खान ने बताया कि विश्वविद्यालय के चिवी डॉ.पीके उपाध्याय ने दीक्षांत समारोह से ित कार्यों की प्रगति की बिंदुवार जानकारी दी। में गृह विज्ञान अधिष्ठाता डॉ.मुक्ता गर्ग, मानवेन्द्र डॉ.जफर सिद्दीकी, डॉ.अरविंद कुमार आदि थे।

# कुलपति ने सीएसए के 24 वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों की प्रगति जानी

(आज समाचार सेवा)

कानपुर, 21 दिसम्बर। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉ डीआर सिंह ने विश्वविद्यालय के 24 वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में कुलपति ने तैयारियों के संबंध में सभी समितियों से कार्य प्रगति की जानकारी प्राप्त की।

ज्ञातव्य हो कि दीक्षांत समारोह को लेकर सोलह समितियां बनाई गई हैं जिसमें समन्वय समिति के अध्यक्ष कुलपति हैं। साज सज्जा, मीडिया एवं अनुशासन समिति के अध्यक्ष अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉक्टर धर्मराज सिंह, गार्ड ऑफ ऑनर,आवास समिति एवं पुरस्कार समिति के अध्यक्ष अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ मुनीश कुमार, सीटिंग प्लान एवं साज-सज्जा समिति के अध्यक्ष डॉक्टर नौशाद खान, सुरक्षा समिति के अध्यक्ष सुरक्षा अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

## गोद लिये प्राथमिक स्कूल के विद्यार्थियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण




बच्चों की जांच करते डाक्टर्स।

कानपुर, 21 दिसम्बर। सीएसए की ओर से अंगीकृत नवीन प्राथमिक विद्यालय रावतपुर में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 36 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। ज्यादातर बच्चों के नाखून, दांत गंदे पाए गए। कुछ बच्चों ने गले व पेट में दर्द की शिकायत बताई। चिकित्सकों ने बच्चों के नाखून, जिव्हा, बाल एवं त्वचा देखकर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। समस्त बच्चों की लंबाई व वजन भी अभीलिखित किये किए गए। सभी बच्चों को स्वास्थ्य जांच कर उन्हे जवाहर लाल नेहरू होम्योपैथी महाविद्यालय द्वारा मुफ्त दवाएं भी वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधिष्ठाता डॉ. धर्मराज सिंह, होम्योपैथिक महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ हर्षवर्धन भदौरिया, चिकित्सकों की टीम डॉ एसएस राणा, रीडर, डॉ प्रियंका भट्ट, लेक्चरर, डा. शालिनी सिंह, जूनियर रेजिडेंट, डॉ चंद्र शेखर पटेल जूनियर रेजिडेंट व फरमैसिस्ट् श्री सत्येंद्र कुमार के अतिरिक्त समन्वयक अजय कुमार सिंह, डॉ शशिकांत पशुपालन वैज्ञानिक, डॉक्टर निमिषा अवस्थी गृह वैज्ञानिक व प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री गोपाल मिश्रा उपस्थित रहे। अंत में सभी बच्चों को केक वितरित किए गए।

हिंदुस्तान 22/12/2022

# सीएसए दीक्षांत को भेजे तीन-तीन नाम

कानपुर। सीएसए का 24वां दीक्षांत समारोह पांच जनवरी को है। दीक्षांत के मुख्य अतिथि व मानद उपाधि देने के लिए विवि ने तीन-तीन विभूतियों के नाम राजभवन भेजे हैं। इस पर अंतिम अनुमति राज्यपाल की ओर से मिलेगी। चर्चा है कि मुख्य अतिथि के लिए विवि ने प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डीएआरई एंड डायरेक्टर जनरल आईसीएआर के सेक्रेटरी डॉ. हिमांशु पाठक व नीति आयोग के सदस्य प्रो. रमेश चंद्र के नाम राजभवन भेजे हैं।

कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने तैयारी में लगी 16 समितियों की समीक्षा बैठक की और प्रगति की जानकारी ली। साज सज्जा, मीडिया एवं अनुशासन समिति के अध्यक्ष अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धर्मराज सिंह, गार्ड ऑफ ऑनर, आवास समिति व पुरस्कार समिति के अध्यक्ष अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. मुनीश कुमार, सीटिंग प्लान एवं साज-सज्जा समिति के अध्यक्ष डॉ. नौशाद खान आदि ने रिपोर्ट प्रस्तुत की।

अमर उजाला कानपुर 22/12/2022

# कुलपति ने दीक्षांत की तैयारी का जाना हाल

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉ. डीआर सिंह ने बुधवार को विवि के 24 वें दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। कुलपति ने तैयारियों के संबंध में सभी समितियों से कार्य प्रगति की जानी। यहां दीक्षांत समारोह की तैयारियों को लेकर गठित 16 समितियों के अध्यक्षों के साथ ही कुलसचिव डॉ. पीके उपाध्याय, डॉ. मुक्ता गर्ग, मानवेंद्र सिंह, डॉ. जफर सिद्दीकी, डॉ. अरविंद कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। (संवाद)